# S.U.S. Govt. College, Sunam

Established in 1969, NAAC Accredited-Grade B ( CGPA 2.72 ) **Affiliated to:** Punjabi University, Patiala **E-mail:**gcsunam@gmail.com, **College website:** www.susgcsunam.com, **Tel:** 01676-220134



## *Extension Activities*

***Extension Activities done in terms of impact & sensitizing students to social issues and holistic development***

### 08. Event: Swachh Bharat internship Programme

**Date: 01-05-2018 to 31-07-2018**










सुनाम के शहीद ऊधम सिंह कॉलेज में एनएसएस वालंटियर मोहल्लों की सफाई करवाते हुए ● जागरण

# धरा को हरा रखने के लिए लगाएं पौधे

संवाद सहयोगी, सुनाम ऊधम सिंह वाला (संगरूर) : स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज के एनएसएस विभाग की प्रभारी डॉ. रमनदीप कौर की देखरेख में इलाके के गांव जनाल, अकबरपुर और सुनाम के कई वार्डों में सफाई करके पौधे लगाए गए। इसके अलावा युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. रमन ने कहा कि वर्तमान दौर में सफाई रखने, वातावरण और पानी को बचाने के अलावा नौजवानों को नशे से दूर रहने की अहम जरूरत है। एनएसएस वालंटियर्स इस अभियान को लगातार गति देकर समाज को जागरूक कर रहे हैं। नशा केवल नौजवानों को ही नहीं बल्कि परिवारों और समाज को लील रहा है। डॉ. रमनदीप ने कहा कि हरियाली को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण करें। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है और यदि वातावरण को बचाने हेतु कारगर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन बेहद कठिन हो जाएगा।




ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ
ਜਨ ਵਿਚ ਅਲਖ ਜਗਾਈਏ



# स्वच्छ भारत अभियान तहत सरकारी कालेज सुनाम कर रहा है प्रशंसनीय कार्य

सुनाम ऊधम सिंह वाला, 10 जुलाई (बांसल): सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान में एन.एस.एस. विभाग, शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज,सुनाम के छात्र अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। प्रिंसीपल डा. सुखबीर सिंह थिंद के नेतृत्व में चल रहे इस प्रोग्राम को सार्थक करते हुए एन.एस.एस. वालंटियर्ज विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को सफाई रखने, पर्यावरण को बचाने और पानी की संभाल संबंधी जागरूक कर रहे हैं।



एन.एस.एस. वालंटियर्ज सामूहिक चित्र में। (बांसल)

प्रोग्राम के नोडल अफसर डा. रमनदीप कौर ने बताया कि वालंटियर्ज ने गांव जनाल, अकबरपुरा और शहर सुनाम में नागरिकों को जहां नशों से बचने के लिए प्रेरित किया, वहीं बेटियों का सम्मान करने और उनको पढ़ाने संबंधी लैक्चर भी दिए।

इस मौके डा. परमिंद्र सिंह, गुरबंट सिंह, एन.एस.एस. प्रोग्राम अफसर प्रो. मुख्तयार सिंह, सहायक प्रोग्राम अफसर तरसेम सिंह और रणजीत सिंह मौजूद थे।


ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ
ਧਰਤੀ ਨੂੰ ਸਾਫ
ਵੱਲੋਂ : ਸ਼ਹੀਦ ਊਧਮ
ਸੁਨਾਮ


ਸਮਾਧ ਬਾਬਾ ਮੁੰਦਰ ਦਾਸ
ਸਾਡੀ ਇੱਕੋ
ਸਾਫ਼-ਸੁਥਰਾ
ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜ,
ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ.
ਮੁਕਤ


ਵਾਤਾਵਰਣ ਦੀ
ਸ਼ਹੀਦ ਊਧਮ ਸਿੰਘ











सुनाम के शहीद भगत सिंह कालेज के छात्रों द्वारा दीवारों पर बनाई गई स्वच्छता का संदेश की कृति • जागरण

# ‘पानी बचाने का ठोस प्रयास करें’

संवाद सहयोगी, सुनाम ऊधम सिंह वाला (संगरूर) : शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज द्वारा स्वच्छ भारत समर इंटरनशिप कार्यक्रम के तहत इलाके में विभिन्न स्थानों पर वातावरण सुरक्षा से संबंधित पेंटिग्स बनाई गई। कालेज के स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी डॉ. रमनदीप कौर ने छात्रों की टीम के साथ स्थानीय गांव रविदासपुरा और बख्शीवाला में जागरूक कैंप लगाए। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर वातावरण को बचाने से संबंधित पेंटिग्स बनाई गईं। इसके अलावा लोगों को जागरूक करते हुए डॉ. रमनदीप कौर ने कहा कि दूषित हो रहे वातावरण को बचाने के लिए पूरे समाज को आगे आना चाहिए। पौधारोपण के अलावा मशीनरी का प्रयोग कम से कम किया जाए। पालीथीन का प्रयोग नहीं किया जाए। पानी को बचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसे नियंत्रित करने के लिए अभी से कोशिश करनी होगी। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. परमिंदर सिंह, गुरजंट सिंह, मुख्त्यार सिंह, तरसेम सिंह, रणजीत सिंह आदि हाजिर थे।

**आयोन**

- शहीद ऊधम सिंह कॉलेज ने स्वच्छ भारत कार्यक्रम करवाया
- गांव रविदासपुरा और बख्शीवाला में जागरूकता कैंप लगाया




# दैनिक भास्कर

## एसयूएस के छात्रों ने पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर पेंटिंग बनाई




**सुनाम|** स्वच्छ भारत मुहिम के तहत सरकारी कॉलेज शहीद ऊधम सिंह के छात्रों की ओर से गांव बख्शीवाला, टिब्बी रविदासपुरा में पर्यावरण की सुरक्षा संबंधी पेंटिग बनाई गई। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुखबीर सिंह थिंद ने बताया कि सरकार की इस मुहिम के तहत शुरू किए गए प्रोग्राम समर इंटर्नशिप में कॉलेज के छात्र बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। पंजाब के समूह कॉलेजों में सरकारी कॉलेज सुनाम की छात्रों की रजिस्ट्रेशन सबसे अधिक हुई है। इस मौके पर डॉ रमनदीप कौर, डॉ परमिंदर सिंह, प्रो. गुरजंट सिंह, प्रो. मुखत्यार सिंह आदि उपस्थित थे। (टिका)

epaper.amarujala.com

# पेंटिंग बनाकर दिया वातावरण बचाने का संदेश




**सुनाम ऊधम सिंह वाला (संगरूर)।** शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज की ओर से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत इलाके में विभिन्न स्थानों पर वातावरण सुरक्षा से संबंधित पेंटिंग बनाई गई। कॉलेज के स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी डॉ. रमनदीप कौर ने छात्रों की टीम के साथ स्थानीय गांव रविदासपुरा और बख्शीवाला में जागरूकता कैंप लगाए। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर वातावरण को बचाने से संबंधित पेंटिंग बनाई गई। इस दौरान कहा गया कि पौधरोपण के अलावा मशीनरी का प्रयोग कम से कम किया जाए। पालीथिन का प्रयोग नहीं किया जाए। पानी को बचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए अभी से कोशिश करनी होगी।